**दिनांक: 10 सितम्बर, 2025**

# क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के आय और व्यय का विश्लेषण: वित्तीय वर्ष 2023-24

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

प्लॉट नं. ई-5, चौथी मंज़िल, लेन-1,
वेस्टएंड मार्ग, सैदुलाजाब, (साकेत मेट्रो गेट नं. 2 के पीछे)
नई दिल्ली - 110030
ईमेल: adr@adrindia.org; दूरभाष : 011- 4165 4200

# सारांश

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पारदर्शिता उनके कामकाज का महत्त्वपूर्ण पहलू होना चाहिए | व्यापक और पारदर्शिता लेखा प्रणाली के लिए आवश्यक है कि दलों सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करें |

भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) ने 19 नवम्बर, 2014 को राजनीतिक दलों के अध्यक्षों /महामंत्रियों को सम्बोधित करते हुए अपने पत्र में लिखा कि सभी दलों को उनकी ऑडिट रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है | यह रिपोर्ट **वित्तीय वर्ष 2023-24** के दौरान **60 क्षेत्रीय दलों** में से **40 दलों** द्वारा पूरे भारत वर्ष से **प्राप्त कुल आय और खर्च का** विश्लेषण करती है जैसा कि दलों द्वारा चुनाव आयोग को प्रस्तुत किए गए अपने ऑडिट रिपोर्ट में घोषित किया गया है |

विश्लेषण किये गए दलों में अपना दल (सोनेलाल), ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस, एआईएडीएमके, एआईएमआईएम, एआईयूडीएफ, एजेएसयू पार्टी, असम गण परिषद, बीजेडी, बीआरएस, सीपीआई, सीपीआई(एमएल)(एल), डीएमके, डीएमडीके, गोवा फॉरवर्ड पार्टी, आईएनएलडी, जेडी(एस), जेडी(यू), जेजेपी, जेकेपीडीपी, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, केसी(एम), लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास), एमजीपी, एमएनएस, मिजो नेशनल फ्रंट, एनडीपीपी, एनपीएफ, पीपीए, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, रिवॉल्यूशनरी गोवांस पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, एसडीएफ, एसकेएम, समाजवादी पार्टी, तेलगु देशम पार्टी, टिपरा मोथा पार्टी, वाईएसआर कांग्रेस और ज़ोराम पीपुल्स मूवमेंट शामिल हैं |

## I. क्षेत्रीय दलों द्वारा ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख: वित्तीय वर्ष 2023-24

- राजनीतिक दलों के लिए वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तारीख **31 अक्टूबर 2024** थी |
- **20** क्षेत्रीय दलों ने अपना ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा पर जमा किया था जबकि **20 दलों** ने अपने ऑडिट रिपोर्ट **12 दिनों** से लेकर **216 दिनों** की देरी के बाद आयोग को प्रस्तुत किया |
- वित्तीय वर्ष 2023-24 की शेष 20 क्षेत्रीय पार्टियों की ऑडिट रिपोर्टें इस रिपोर्ट की तैयारी के समय तक भारत निर्वाचन आयोग (ECI) की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं थी, जबकि इन्हें जमा करने में 313 दिनों की देरी (10 सितम्बर 2025 तक) हो चुकी है। इनमें शामिल हैं— ज़ोरम नेशनलिस्ट पार्टी, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट, यूनाइटेड पीपल्स पार्टी (लिबरल), लोक जनशक्ति पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (J), जम्मू एवं कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, जम्मू एवं कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, शिव सेना, शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट, वॉइस ऑफ द पीपल पार्टी, युनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी, इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी और एनसीपी (शरदचंद्र पवार)।
- इसलिए, यह रिपोर्ट **40** क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की आय और व्यय का विश्लेषण करती है, जिनका वित्तीय वर्ष 2023-24 का ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है |


**Status of submission of audit reports by Regional Political Parties: Due date for submission was 31 Oct, 2024**

| S.No. | Political Party | Party Code | Status of submission | Date of Submission | No. of days by which delayed |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Jammu and Kashmir Peoples Democratic Party | JKPDP | Submitted on time | 15 July 2024 | - |
| 2 | All India United Democratic Front | AIUDF | Submitted on time | 6 September 2024 | - |

| Status of submission of audit reports by Regional Political Parties: Due date for submission was 31 Oct, 2024 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Political Party** | **Party Code** | **Status of submission** | **Date of Submission** | **No. of days by which delayed** |
| 3 | Jharkhand Mukti Morcha | JMM | Submitted on time | 18 September 2024 | - |
| 4 | All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam | AIADMK | Submitted on time | 19 September 2024 | - |
| 5 | Sikkim Krantikari Morcha | SKM | Submitted on time | 23 September 2024 | - |
| 6 | Bharat Rashtra Samithi | BRS | Submitted on time | 23 September 2024 | - |
| 7 | Tipra Motha Party | TMP | Submitted on time | 23 September 2024 | - |
| 8 | Nationalist Democratic Progressive Party | NDPP | Submitted on time | 27 September 2024 | - |
| 9 | Biju Janata Dal | BJD | Submitted on time | 27 September 2024 | - |
| 10 | Sikkim Democratic Front | SDF | Submitted on time | 30 September 2024 | - |
| 11 | Maharashtrawadi Gomantak | MGP | Submitted on time | 3 October 2024 | - |
| 12 | Dravida Munnetra Kazhagam | DMK | Submitted on time | 3 October 2024 | - |
| 13 | All India Trinamool Congress | **AITC** | Submitted on time | 4 October 2024 | - |
| 14 | Yuvajana Sramika Rythu Congress Party | YSR-Congress | Submitted on time | 4 October 2024 | - |
| 15 | AJSU Party | AJSU Party | Submitted on time | 9 October 2024 | - |
| 16 | All India N.R. Congress | AINRC | Submitted on time | 10 October 2024 | - |
| 17 | Shiromani Akali Dal | SAD | Submitted on time | 17 October 2024 | - |
| 18 | Rashtriya Loktantrik Party | RLP | Submitted on time | 19 October 2024 | - |
| 19 | Kerala Congress (M) | KC(M) | Submitted on time | 21 October 2024 | - |
| 20 | Communist Party of India (Marxist-Leninist) (Liberation) | CPI(ML)(L) | Submitted on time | 30 October 2024 | - |
| 21 | Revolutionary Goans Party | RGP | **Submitted with delay** | 13 November 2024 | **12 Days** |
| 22 | Desiya Murpokku Dravida Kazhagam | DMDK | **Submitted with delay** | 20 November 2024 | **19 Days** |
| 23 | Communist Party of India | CPI | **Submitted with delay** | 22 November 2024 | **21 Days** |
| 24 | Goa Forward Party | GFP | **Submitted with delay** | 28 November 2024 | **27 Days** |
| 25 | Telugu Desam Party | TDP | **Submitted with delay** | 9 December 2024 | **38 Days** |
| 26 | Janata Dal (United) | JD(U) | **Submitted with delay** | 21 December 2024 | **50 Days** |
| 27 | Samajwadi Party | SP | **Submitted with delay** | 26 December 2024 | **55 Days** |
| 28 | Janata Dal (Secular) | JD(S) | **Submitted with delay** | 28 December 2024 | **57 Days** |
| 29 | All India Majlis-E-Ittehadul Muslimeen | AIMIM | **Submitted with delay** | 7 January 2025 | **67 Days** |
| 30 | Lok Janshakti Party (Ram Vilas) | LJP (Ram Vilas) | **Submitted with delay** | 11 January 2025 | **71 Days** |
| 31 | Indian National Lok Dal | INLD | **Submitted with delay** | 12 January 2025 | **72 Days** |
| 32 | People's Party of Arunachal | PPA | **Submitted with delay** | 17 January 2025 | **77 Days** |
| 33 | Asom Gana Parishad | AGP | **Submitted with delay** | 17 January 2025 | **77 Days** |
| 34 | All India Forward Bloc | AIFB | **Submitted with delay** | 20 January 2025 | **80 Days** |
| 35 | Naga Peoples Front | NPF | **Submitted with delay** | 25 January 2025 | **85 Days** |
| 36 | Maharashtra Navnirman Sena | MNS | **Submitted with delay** | 17 February 2025 | **108 Days** |
| 37 | Apna Dal (Soneylal) | AD (Soneylal) | **Submitted with delay** | 6 March 2025 | **125 Days** |
| 38 | Jannayak Janta Party | JJP | **Submitted with delay** | 17 April 2025 | **167 Days** |
| 39 | Zoram People's Movement | ZPM | **Submitted with delay** | 13 May 2025 | **193 Days** |
| 40 | Mizo National Front | MNF | **Submitted with delay** | 5 June 2025 | **216 Days** |


## II. क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित कुल आय: वित्तीय वर्ष-2023-24

- वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान **40 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय **रु 2532.096 करोड़** थी |
- **बीआरएस** ने सबसे अधिक **रु 685.5177 करोड़** की आय घोषित की है जो **40 दलों** की कुल आय का **27.07%** है इसके बाद **तृणमूल कांग्रेस** की कुल आय **रु 646.392 करोड़** (दलों की कुल आय का **25.32%)** और **बीजेडी** ने अपनी कुल आय **रु 297.806 करोड़** घोषित की है, जो सभी **40 दलों** की कुल आय का **11.76%** है |
- शीर्ष **5 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय मिलाकर **रु 2105.8286 करोड़** है जो **40 दलों** की कुल आय का **83.17%** है |




## III. क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के बीच की आय की तुलना

- चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध **40** क्षेत्रीय दलों में से **39** क्षेत्रीय दलों के दो साल के ऑडिट रिपोर्ट से पता चलता है की **23 दलों** ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान अपनी आय में **वृद्धि** दर्शायी है जबकि **15 दलों** ने अपनी आय **कम घोषित** की है | (**अनुबंध एक** को देखें)
- यह ध्यान देने योग्य है कि गोवा फॉरवर्ड पार्टी ने वित्तीय वर्ष 2022–23 और 2023–24 के दौरान शून्य आय घोषित की है।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, **39 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय **रु 1736.851 करोड़** थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में **45.77%** (794.951 करोड़) बढ़कर **रु 2531.802 करोड़** हो गयी |
- **तृणमूल कांग्रेस** ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में इस साल (वित्तीय वर्ष 2023-24) **रु 312.935 करोड़** की अधिक आय दर्शायी है इसके बाद **टीडीपी** की आय में **रु 221.076 करोड़** और **बीजेडी** की आय में **रु 116.753 करोड़** की बढ़ोतरी हुई है |





## IV. क्षेत्रीय दलों द्वारा खर्च नहीं की गयी आय: वित्तीय वर्ष 2023-24

- वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, **27 दलों** ने अपनी आय से **कम खर्च** किया है जबकि **12 दलों** ने अपनी एकत्रित आय से **अधिक खर्च घोषित** किया है |
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए, **बीआरस** ने अपने कुल आय का **रु 430.6032 करोड़**, **तृणमूल कांग्रेस** ने **रु 414.9195 करोड़** और **बीजेडी** ने **रु 253.7964 करोड़** की आय खर्च नहीं किया है |
- इन **12** राजनीतिक दलों (वाईएसआर-कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी, जेडी(यू), शिरोमणि अकाली दल, सीपीआई(एमएल)(एल), एलजेपी(राम विलास), एआईएफबी, एमएनएफ, एनपीएफ, पीपीए और एमजीपी) ने अपनी आय से **अधिक खर्च** किया है | **वाईएसआर-कांग्रेस** ने अपने ऑडिट रिपोर्ट में आय से **रु 104.7235 करोड़** (54.82%) अधिक खर्च दर्शाया है |
- यहाँ पर ध्यान देना चाहिए कि **गोवा फॉरवर्ड पार्टी** एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कोई भी आय घोषित नहीं की है, लेकिन पार्टी ने इस अवधि के दौरान **रु 1.56 लाख** का खर्च अपने विवरण में घोषित किया है |


## V. क्षेत्रीय दलों का कुल व्यय: वित्तीय वर्ष 2023-24

- वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान **40 क्षेत्रीय दलों** की कुल खर्च **रु 1320.96 करोड़** थी |
- शीर्ष **5 दलों** ने कुल मिलाकर **रु 1103.3191 करोड़** खर्च किये जो **40 राजनीतिक दलों** के कुल खर्च का **83.52%** था |
- सबसे ज्यादा खर्च करने वाले शीर्ष **5 क्षेत्रीय दलों** में **वाईएसआर-कांग्रेस** ने **रु 295.7664 करोड़** (40 दलों के कुल खर्च का **22.39%)** का खर्च घोषित किया है | इसके बाद **बीआरएस** ने **रु 254.9145 करोड़** (40 दलों के कुल खर्च का **19.298%)**, **तृणमूल कांग्रेस** ने **रु 231.4725 करोड़** (40 दलों के कुल खर्च का **17.523%**), **डीएमके** ने **रु 200.0677 करोड़** (40 दलों के कुल खर्च का **15.146%)** और **टीडीपी** ने **रु 121.098 करोड़** (40 दलों के कुल खर्च का **9.167%)** का खर्च दर्शाया है |





## VI. क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित सभी आय के स्त्रोत: वित्तीय वर्ष 2023-24

- वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, 40 क्षेत्रीय दलों ने **स्वैच्छिक योगदान** (दान और चुनावी बांड्स) से कुल **83.64%** (रु 2117.846 करोड़) की आय अर्जित की है |
- 40 क्षेत्रीय दलों ने कुल मिलाकर **रु 1796.024 करोड़** (40 दलों की कुल आय का **70.93%**) की राशि **चुनावी बांड्स** के माध्यम से प्राप्त किया है जबकि अन्य दान से दलों को **रु 321.822 करोड़** (40 दलों की कुल आय का **12.71%**) की राशि मिली है | क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित आय के **अन्य स्त्रोतों** का हिस्सा **रु 414.25 करोड़** है जो कुल घोषित आय का **16.36%** है |
- 40 क्षेत्रीय दलों में से केवल **10 दलों** ने ही कुल मिलाकर **रु 1796.024 करोड़** की धनराशि **चुनावी बांड्स** से दर्शाया है |
- **बैंकों से ब्याज** के माध्यम से **40 क्षेत्रीय दलों** ने कुल मिलाकर **10.86%** या **रु 274.898 करोड़** की आय प्राप्त की है |




## Share of income of top 10 Regional Political Parties through Electoral Bonds, Donations/Contributions & Other income, FY 2023-24 (In Rs Cr)



## एडीआर की अवलोकन

- **20 दलों** ने अपना ऑडिट रिपोर्ट **12 दिन** से लेकर **216 दिनों** की देरी के बाद चुनाव आयोग को जमा किया था जबकि **20 क्षेत्रीय दलों** के ऑडिट रिपोर्ट **313 दिनों** के बाद भी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं हैं |
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के विश्लेषण से पता चलता है की **40 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय में से **रु 1796.024 करोड़** (40 दलों की कुल आय का **70%**) की आय **चुनावी बांड्स** के माध्यम से प्राप्त हुई है |
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए क्षेत्रीय दलों का मुख्य खर्च **प्रशासनिक और सामान्य व्यय और चुनाव व्यय** है |
- एडीआर के आरटीआई आवेदन के जवाब में एसबीआई द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में दलों ने **रु 4507.5613 करोड़** के चुनावों बॉण्ड का नगदीकरण किया था || इसमें से राष्ट्रीय दलों ने **55.998%** (रु 2524.1361 करोड़) और क्षेत्रीय दलों ने 39.84**%** (रु 1796.024 करोड़) दानराशि का नगदीकरण किया है |
- चुनावी बॉण्ड वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों का सबसे लोकप्रिय स्त्रोत बनके उभरा है | 6 राष्ट्रीय दलों में से केवल **3 दलों (बीजेपी, कांग्रेस** और **आम आदमी पार्टी)** ने ही चुनावी बॉण्ड के माध्यम से **रु 2524.1361 करोड़** का दान प्राप्त किया है | अभी तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध 40 क्षेत्रीय दलों की ऑडिट रिपोर्ट के अध्ययन से पता चलता है की केवल **10 क्षेत्रीय दलों** (बीआरएस, तृणमूल कांग्रेस, बीजेडी, टीडीपी, वाईएसआर-कांग्रेस, डीएमके, जेडी(एस), एसकेएम, जेएमएम और एसडीएफ)) ने ही चुनावी बॉण्ड के माध्यम **रु 1796.024 करोड़** का चंदा प्राप्त करने कि घोषणा की है |

## एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नहीं रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फार्म 24ए (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नहीं होना चाहिए |
- सभी दाताओं का पूरा विवरण सार्वजनिक जांच के लिए सूचना के अधिकार (RTI) के तहत उपलब्ध कराया जाना चाहिए।
- वित्त विधेयक 2017 के अनुसार इनकम टैक्स अधिनियम की धारा 13A में यह संशोधन किया गया था की सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों को कर में छूट दी जाएगी "बशर्ते वो राजनीतिक दल जो अपने पिछले साल का आयकर विवरण (ऑडिट रिपोर्ट) एक निश्चित प्रारूप में नियमित तारीख तक आयकर विभाग को जमा करता है" | इस प्रकार जो दल निर्धारित तारीख पर या उससे पहले अपना ऑडिट रिपोर्ट आयकर विभाग को जमा नहीं करता है ऐसे दलों को कर में छूट नहीं देनी चाहिए और इनकी मान्यता भी रद्द कर देनी चाहिए |
- राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार के तहत अपने वित्त सबंधित सभी जानकारी प्रदान करनी चाहिए जो राजनीतिक दलों, चुनावों और लोकतंत्र को मजबूत करेगा |
- आईसीएआई के दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वाले राजनीतिक दलों को आयकर विभाग द्वारा जाँच किया जाना चाहिए |
- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के खिलाफ हर साल अपने ऑडिट और दान रिपोर्ट प्रस्तुत करने में देरी या चूक करने पर दंड या कठोर कार्रवाई (केवल अनुस्मारक पत्र भेजने के बजाय) करनी चाहिए | आयकर अधिनियम 1961 की धारा 13ए और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 (सी) जैसे विशिष्ट कानून जो राजनीतिक दलों द्वारा अपने वित्तीय विवरण प्रस्तुत न करने पर उनकी कर

छूट रद्द करने का प्रावधान करते हैं | वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2023-24 के बीच हर साल कम से कम 16 दलों ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट जमा करने में चूक की है |

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में उपयोग किए गए डाटा का स्त्रोत क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा आयकर विभाग और भारत चुनाव आयोग को प्रस्तुत वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट से लिया गया है | एडीआर किसी भी जानकारी को अपने रिपोर्ट में तब तक नहीं जोड़ता या घटाता है जब तक चुनाव आयोग डाटा में बदलाव नहीं करता | विशेष रूप से, किसी अन्य स्त्रोत से किसी भी असत्यापित जानकारी का उपयोग नहीं किया जाता है | इस डाटा को https://myneta.info/party और चुनाव आयोग के **वेबसाइट** में देख सकते हैं | डाटा को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं और यह जानकारी राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत विवरणों में उल्लेखित आकड़ों के अनुरूप है | यदि इस रिपोर्ट में दी गयी जानकारी और दलों के विवरणों में घोषित जानकारी में अंतर् पाया जाता है तो ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों द्वारा दी गई जानकारी ही सही मानी जानी चाहिए | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और उसके स्वयंसेवक इसके प्रकाशन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे |

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एडीएआर, भारत के चुनाव आयोग और सबंधित राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारीयों के साथ प्रस्तुत राजनीतिक दलों के ऑडिट और योगदान रिपोर्ट के विश्लेषण और प्रसार में बहुत अत्यधिक सावधानी बरतता है | इस तरह की जानकारी का उद्देश्य केवल ***हमारी चुनावी और राजनीतिक प्रक्रिया में धन के बढ़ते दुरूपयोग को उजागर करना है ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रणाली को सुगम बनाया जा सके और मतदाताओं को एक सूचित विकल्प बनाने में सक्षम बनाया जा सके***| इसलिए, यह अपेक्षा की जाती है कि इस रिपोर्ट का उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति एडीआर द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा का उपयोग करते समय उचित और अत्यधिक सावधानी बरतेगा | एडीआर किसी भी गलत तरीके से निपटने, विसंगति, समझने में असमर्थता, गलत व्याख्या या हेरफेर, डाटा को इस तरह से विकृत करने के लिए जिम्मेदार नहीं है ताकि किसी विशेष राजनीतिक दल या राजनेता या उम्मीदवार को लाभ या लक्षित किया जा सके |

## सम्पर्क


| | | | |
|---|---|---|---|
| **Media and Journalist Helpline**<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org<br>https://adrindia.org/about-adr/state-coordinators | **Maj. Gen Anil Verma (Retd.)**<br>Head<br>National Election Watch, Association for Democratic Reforms<br>+91 11 4165 4200<br>anilverma@adrindia.org | **Prof Jagdeep Chhokar**<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder member, NEW & ADR<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore (Retd.)<br>Founder member, NEW & ADR<br>tsastry@gmail.com |

# अनुबंध – 1

## चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध क्षेत्रीय दलों के ऑडिट रिपोर्ट की स्थिति : वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24

| Regional Parties' Audit report status as per ECI website: FY 2022-23 and 2023-24 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Political Party** | **Party Code** | **Financial Year 2022-23** | **Financial Year 2023-24** |
| 1 | Bharat Rashtra Samithi | BRS | Submitted | Submitted |
| 2 | All India Trinamool Congress | AITC | Submitted | Submitted |
| 3 | Biju Janata Dal | BJD | Submitted | Submitted |
| 4 | Telugu Desam Party | TDP | Submitted | Submitted |
| 5 | Yuvajana Sramika Rythu Congress Party | YSR-Congress | Submitted | Submitted |
| 6 | Dravida Munnetra Kazhagam | DMK | Submitted | Submitted |
| 7 | All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam | AIADMK | Submitted | Submitted |
| 8 | Janata Dal (Secular) | JD(S) | Submitted | Submitted |
| 9 | Sikkim Krantikari Morcha | SKM | Submitted | Submitted |
| 10 | Samajwadi Party | SP | Submitted | Submitted |
| 11 | Maharashtra Navnirman Sena | MNS | Submitted | Submitted |
| 12 | Communist Party of India | CPI | Submitted | Submitted |
| 13 | Jharkhand Mukti Morcha | JMM | Submitted | Submitted |
| 14 | Janata Dal (United) | JD(U) | Submitted | Submitted |
| 15 | Jannayak Janta Party | JJP | Submitted | Submitted |
| 16 | Sikkim Democratic Front | SDF | Submitted | Submitted |
| 17 | Shiromani Akali Dal | SAD | Submitted | Submitted |
| 18 | All India Majlis-E-Ittehadul Muslimeen | AIMIM | Submitted | Submitted |
| 19 | Nationalist Democratic Progressive Party | NDPP | Submitted | Submitted |
| 20 | Communist Party of India (Marxist-Leninist) (Liberation) | CPI(ML)(L) | Submitted | Submitted |
| 21 | Kerala Congress (M) | KC(M) | Submitted | Submitted |
| 22 | Apna Dal (Soneylal) | AD (Soneylal) | Submitted | Submitted |
| 23 | Rashtriya Loktantrik Party | RLP | Submitted | Submitted |
| 24 | Indian National Lok Dal | INLD | Submitted | Submitted |
| 25 | AJSU Party | AJSU Party | Submitted | Submitted |
| 26 | All India United Democratic Front | AIUDF | Submitted | Submitted |
| 27 | Desiya Murpokku Dravida Kazhagam | DMDK | Submitted | Submitted |
| 28 | Jammu and Kashmir Peoples Democratic Party | J&KPDP | Submitted | Submitted |
| 29 | Asom Gana Parishad | AGP | Submitted | Submitted |
| 30 | Lok Janshakti Party (Ram Vilas) | LJP (Ram Vilas) | Submitted | Submitted |
| 31 | All India N.R. Congress | AINRC | Submitted | Submitted |
| 32 | Naga Peoples Front | NPF | Submitted | Submitted |
| 33 | People's Party of Arunachal | PPA | Submitted | Submitted |
| 34 | Maharashtrawadi Gomantak | MGP | Submitted | Submitted |
| 35 | Goa Forward Party | GFP | Submitted | Submitted |

| Regional Parties' Audit report status as per ECI website: FY 2022-23 and 2023-24 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Political Party** | **Party Code** | **Financial Year 2022-23** | **Financial Year 2023-24** |
| 36 | Rashtriya Janata Dal | RJD | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 37 | United People's Party, Liberal | UPPL | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 38 | Revolutionary Socialist Party | RSP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 39 | Voice of the People Party | VPP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 40 | All India Forward Bloc | AIFB | Submitted | Submitted |
| 41 | Tipra Motha Party | TMP | Submitted | Submitted |
| 42 | Mizo National Front | MNF | Submitted | Submitted |
| 43 | Revolutionary Goans Party | RGP | Submitted | Submitted |
| 44 | United Democratic Party | UDP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 45 | Zoram People's Movement | ZPM | **Not available on the ECI website** | Submitted |
| 46 | Zoram Nationalist Party | ZNP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 47 | Nationalist Congress Party | NCP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 48 | People's Democratic Front | PDF | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 49 | Janta Congress Chhattisgarh (J) | JCC(J) | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 50 | Bodoland Peoples Front | BPF | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 51 | Hill State People's Democratic Party | HSPDP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 52 | Indian Union Muslim League | IUML | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 53 | Indigenous People's Front of Tripura | IPFT | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 54 | Jammu & Kashmir National Conference | JKNC | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 55 | Jammu & Kashmir National Panthers Party | JKNPP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 56 | Lok Jan Shakti Party | LJP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 57 | Rashtriya Lok Samta Party | RLSP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 58 | Shiv Sena | SHS | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 59 | Shiv Sena (Udhav Balasaheb Thackrey) | SHS(UBT) | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 60 | Nationalist Congress Party - Sharadchandra Pawar | NCP (Sharadchandra Pawar) | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |